राजस्थान सरकार नेत्रहीन स्टूडेंट्स को देगी फ्री ब्रेल लिपि स्मार्टफोन

दिव्यांग स्टूडेंट्स को मिलेगी बैटरी से चलने वाली ट्राई साइकिल, हर जिले में कैंप लगेंगे

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर



राजस्थान में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अब दृष्टिहीन और दिव्यांग स्टूडेंट्स को फ्री स्पेशल ब्रेल लिपि स्मार्टफोन दिया जाएगा। इसके साथ बैटरी से चलने वाली ट्राई साइकिल दी जाएगी। क्लास 6 से 12वीं तक में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को यह सुविधा मिलेगी। इसके लिए जल्द ही जिला स्तर पर रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन होगा। इसके बाद स्टूडेंट्स को जिलास्तर पर ही यह उपकरण फ्री में दिए जाएंगे।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि राज्य सरकार की चाइल्ड विद स्पेशल एजुकेशन स्कीम के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले दिव्यांग स्टूडेंट्स को सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सहयोग से सहायक उपकरण फ्री दिए जाते हैं, जो स्टूडेंट्स पैरों से दिव्यांग हैं। चलने-फिर ने असमर्थ है। उनको ट्राइसाइकिल फ्री दी जाएगी। अब तक इस योजना में हाथ से चलने वाली ट्राइसाइकिल दी जाती थी। इस बार पहली बार बैटरी से चलने वाली ट्राइसाइकिल दी जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि जो स्टूडेंट्स नेत्रहीन हैं। उनको पहली बार राज्य सरकार द्वारा ब्रेल लिपि वाला विशेष स्मार्ट फोन फ्री दिया जाएगा। उनको पढ़ाई में मदद हो सके। स्मार्ट फोन की कीमत 50 हजार रुपए है। ये शिक्षा विभाग का नवाचार है, जो सामाजिक न्याय और अधिकार विभाग के साथ मिलकर किया जा रहा। दृष्टिहीन स्टूडेंट्स की शिक्षा-संवाद के लिए विकसित लिपि को ब्रेल लिपि कहा जाता है। इसका नाम इस लिपि को बनाने वाले लुई ब्रेल ने नाम पर किया गया है। इसमें सभी अक्षर, संख्या, संगीत, वैज्ञानिक और गणितीय प्रतीकों को दर्शाया गया है। इन सभी को दर्शाने के लिए छह बिंदुओं का उपयोग किया जाता है। जो सिक्स डॉट ब्रेल लिपि के फॉन्ट हैं। ब्रेल लिपि का उपयोग नेत्रहीन और आंशिक दृष्टि बाधित लोग किताब, साइन बोर्ड समेत अन्य चीजें पढ़ने के लिए करते हैं।

प्रदेश में जेईएन के 830 पदों पर होगी भर्ती

25 नवंबर को जारी होगा नोटिफिकेशन

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। राजस्थान में जूनियर इंजीनियर (जेईएन) के 830 पदों पर भर्ती होगी। 25 नवंबर को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड भर्ती विज्ञप्ति जारी करेगा। इसमें सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड और पंचायती राज जैसे विभागों में अलग-अलग पदों पर इंजीनियर की भर्ती होगी। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया कि बोर्ड की ओर से जूनियर इंजीनियर के कुल 830 पदों में से 730 पद गैर अनुसूचित क्षेत्र के, जबकि 100 पद अनुसूचित क्षेत्र के होंगे। अगले साल भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसका रिजल्ट भी अगले साल ही जारी कर उम्मीदवारों को जल्द से जल्द नियुक्ति देने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। फिलहाल पंचायतीराज विभाग में 185 पदों पर ही जूनियर इंजीनियर की भर्ती निकाली गई है।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी और मुख्यमंत्री शर्मा की मुलाकात

सीएम ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने सहित 4 देशों की सफल यात्रा के लिए दी शुभकामनाएं

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के सिविल लाईन स्थित निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान शर्मा ने देवनानी को ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 67वें राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने सहित चार देशों की सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ भेंट कर और दुपट्टा ओढ़ाकर बधाई दी। देवनानी ने मुख्यमंत्री को 'भारत विभाजन का दंश' पुस्तक भेंट कर और उनका दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनन्दन किया।

देवनानी ने मुख्यमंत्री शर्मा को ऑस्ट्रेलिया में 5 से 8 नवंबर तक आयोजित राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67 वें सम्मेलन, राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के पोस्ट कॉन्फ्रेंस स्टडी ट्यूर के तहत इण्डोनेशिया, सिंगापुर और जापान की अध्ययन यात्रा के दौरान भारत के राजदूतो से मुलाकात, विधायी निकायों के अवलोकन और संसदीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर हुए विचार-विमर्श और अनुभवों को साझा किया।

देवनानी ने मुख्यमंत्री को बताया कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का यह वार्षिक सम्मेलन था। यह सम्मेलन प्रतिवर्ष अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता है।

देवनानी ने मुख्यमंत्री से विधानसभाओं में कृत्रिम बुद्धिमता, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और लिंग आधारित हिंसा के लिए कानूनों पर विभिन्न विधान मंडलों के विश्लेषण के साथ राजस्थान विधान मंडल के परिप्रेक्ष्य में उनके द्वारा सम्मेलन में दिए गए प्रस्तुतीकरण पर भी चर्चा की। देवनानी ने बताया कि इस विदेश यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर और जापान में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों, शिक्षाविदों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और विभिन्न समाज के प्रबुद्धजन को राइजिंग राजस्थान में भाग लेने और राजस्थान में निवेश की संभावनाएं तलाशने का उन्होंने अनुरोध भी किया है। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से शुक्रवार को यहां विधानसभा में सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा ने मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं।

सफाई कर्मचारियों ने दी हड़ताल की चेतावनी

-अनुभव प्रमाण-पत्र में वाल्मीकि समाज को शिथिलता दे सरकार, वरना आज से करेंगे कार्य बहिष्कार

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में 23 हजार 820 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर लगातार विवाद बढ़ता जा रहा है। सरकार दो बार भर्ती प्रक्रिया की आवेदन तारीख को आगे बढ़ा चुकी है। वहीं, अब संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ ने अनुभव प्रमाण-पत्र में वाल्मीकि समाज को रियायत देने की मांग शुरू कर दी है। इसके साथ ही ऐसा नहीं होने पर शनिवार से प्रदेशभर में सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने की चेतावनी भी दी है। संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने कहा कि राजस्थान में 2018 से पहले कर्मचारियों का पीएफ और ईएसआई नहीं काटा जाता था, बल्कि उन्हें नकद भुगतान किया जाता था। इसकी वजह से वाल्मीकि समाज के हजारों युवा ऐसे हैं, जिनके पास पीएफ और ईएसआई की जानकारी नहीं है। इस वजह से वह अपने अनुभव प्रमाण-पत्र नहीं बनवा पा रहे हैं। इस मामले में नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी मनमानी कर रहे हैं। वाल्मीकि समाज के युवाओं के अनुभव प्रमाण पत्र नहीं बना रहे है, जबकि सीएसआई और ठेकेदार द्वारा उनके काम करने का प्रमाण दिया जा रहा है।

डंपर-कार की टक्कर में पांच दोस्तों की मौत

नई कार में गए थे घूमने, बेटों की मौत की खबर लगते ही परिवार में मचा कोहराम

मॉर्निंग न्यूज @ उदयपुर

उदयपुर में डंपर और कार की टक्कर में गुरुवार रात 5 युवकों की मौत हो गई थी। पांचों आपस में दोस्त थे। बेटों की मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। एक युवक की दो साल पहले ही शादी हुई थी। उनके चार महीने की बच्ची है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं कार चला रहे युवक को उसके पिता ने दो महीने पहले ही नई शिफ्ट डिजायर कार खरीदकर दी थी। वे रोते-रोते बोले-बेटे ने मुझसे कार मांगी थी। उसने कहा था-पापा कार दिला दो, किश्त मैं भर दूंगा। एक युवक इंदौर में काम करता था। मंशा महादेव के व्रत पूरे होने पर उद्यापन के लिए उदयपुर आया था। मरने वालों में हेड कॉन्स्टेबल का बेटा भी है। युवक के परिजन हादसे का पता लगते ही उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल पहुंचे। सुखेर थानाधिकारी हिमांशु सिंह राजावत ने बताया कि हादसे में कार सवार देलवाड़ा (राजसमंद) निवासी हिम्मत खटीक (32), उदयपुर के बेदला निवासी पंकज नगारची (24), खारोल कॉलोनी निवासी गोपाल नगारची (27), सीसारमा निवासी गौरव जीनगर (23) और कानपुर खेड़ा निवासी नारायण पुत्र मांगीलाल गमेती की मौत हो गई। पांचों युवक अंबेरी पुलिया से देबारी की तरफ जा रहे थे। किस काम के लिए निकले थे। ये स्पष्ट जानकारी पता नहीं लगी है। डम्पर चालक और उसके मालिक को पुलिस ने पकड़ लिया है।

प्रदूषण को लेकर एससी ने दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

अदालत ने कहा-सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं, ट्रकों की एंट्री बैन पर कुछ नहीं किया

जीआरएपी 4 के प्रतिबंध कम से कम 3 दिन और सख्ती से लागू रहने चाहिए

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को दिल्ली की आप सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं हैं। सरकार ने ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए भी कुछ नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 113 एंट्री पॉइंट पर सिर्फ 13 सीसीटीवी क्यों हैं। केंद्र सरकार इन सभी एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस तैनात करे। एक लीगल टीम बनाई जाए जो यह देखे कि क्या वाकई में वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई जा रही है या नहीं। इसके लिए हम बार एसोसिएशन के युवा वकीलों को तैनात करेंगे। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार के कदम को लेकर आपत्ति जताई है। आदेशों के बावजूद दिल्ली पुलिस स्टेज 4 के प्रतिबंध समय पर लागू कराने में विफल रही। जीआरएपी 4 के प्रतिबंध कम से कम 3 दिन और लागू रहने चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

याचिका में बढ़ता प्रदूषण रोकने की मांग : यह मामला एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह की अपील पर लिस्ट किया गया है। जिन्होंने दिल्ली में मौजूदा स्थिति को देखते हुए तत्काल सुनवाई की मांग रखी थी। 14 नवंबर को एमिकस क्यूरी ने कहा था-प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार ने कुछ भी नहीं किया, हालात गंभीर हैं। दिल्ली को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर नहीं बनना चाहिए। मामला दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के प्रबंधन से भी जुड़ा है, जिसे एमसी मेहता ने दायर किया है। इसमें एनसीआर राज्यों में वाहनों से होने वाले प्रदूषण, इसका मैनेजमेंट और पराली जलाने जैसे मुद्दों को रखा गया है।

डीएपी आपूर्ति बढ़ाने के लिए राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में डीएपी आपूर्ति में सुधार लाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। साथ ही किसानों को डीएपी उर्वरक के विकल्प के तौर पर एसएसपी एवं एनपीके का उपयोग करने की सलाह दी जा कर वैकल्पिक उर्वरकों की खपत बढ़ाई गई है। माह अक्टूबर 2023 की तुलना में अक्टूबर 2024 में एसएसपी का 76 प्रतिशत एवं एनपीके उर्वरकों का 221 प्रतिशत अधिक उपयोग किया गया है।

आयुक्त ने बताया कि देश में डीएपी उर्वरक की आपूर्ति काफी हद तक विदेशी आयात पर निर्भर है। इस साल आयात कम होने से पूरे देश में ही डीएपी की मांग व आपूर्ति का अन्तर बढ़ गया है, जिससे अन्य राज्यों के साथ-साथ राजस्थान राज्य भी प्रभावित हुआ है। राज्य में इस वर्ष रबी सीजन के दौरान अक्टूबर व नवम्बर माह में 2 लाख 81 हजार मै.टन मांग के विरूद्ध 2 लाख 8 हजार मैं टन (74 प्रतिशत) डीएपी की आपूर्ति हुई है। वर्तमान में राज्य में 41 हजार मै.टन डीएपी का स्टॉक उपलब्ध है जो औसत दैनिक डीएपी की खपत के आधार पर 10 दिन के लिए पर्याप्त है।

राहुल-खड़गे को 100 करोड़ का मानहानि का नोटिस

भाजपा नेता तावड़े ने कहा-मुझे और बीजेपी को बदनाम करने के लिए 5 करोड़ बांटने का आरोप लगाया, माफी मांगे

नई दिल्ली (एजेंसी)

महाराष्ट्र चुनाव से पहले हुए कैश कांड पर भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को 100 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजा। तावड़े ने कहा कि भाजपा और मुझे बदनाम करने के लिए इन नेताओं ने झूठे आरोप लगाए। कहा कि मैंने 5 करोड़ रुपए जनता में बांटे। भाजपा महासचिव ने कहा कि मैं इन नेताओं के साथ कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस भेज रहा हूं, ये लोग जनता के बीच मुझसे माफी मांगें या कोर्ट कार्रवाई का सामना करें।

महाराष्ट्र में वोटिंग से एक दिन पहले 19 नवंबर को बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) ने तावड़े पर 5 करोड़ रुपए बांटने का आरोप लगाया था। बीवीए अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर और उनके बेटे क्षितिज 19 नवंबर विरार के होटल पहुंचे। यहां तावड़े नालासोपारा से भाजपा कैंडिडेट राजन नाइक और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे। बीवीए ने आरोप लगाया कि तावड़े 5 करोड़ रुपए लेकर होटल पहुंचे थे और यहां वोटर्स को पैसे बांटे जा रहे थे।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगा था। हंगामे की तस्वीरें मुंबई के विरार इलाके में मौजूद होटल की हैं। यहां विनोद तावड़े (भगवा रंग की जैकेट में कुर्सी पर बैठे हुए) भी नजर आए थे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने का आरोप लगा था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया*
मो. 98875-21440, फोन: 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।